## UNNAT BHARAT ABHIYAN
## S.S.L. N.T. Mahila Mahavidyalaya, Dhanbad

**PROGRESS REPORT**

**Academic Year 2024-25**

UBA Coordinator's Name : Nirja Angela Xaxa
Email Id : nirjaaxaxa186@gmail.com
Phone Number : 9973386518

| Sr. No. | ADOPTED VILLAGES | TALUKA (Block) | District |
|---|---|---|---|
| **1.** | दामोदरपुर | धनबाद | |
| **2.** | करमाटाँड | गोविंदपुर | |
| **3.** | आमटाल | बलियापुर | धनबाद |
| **4.** | धोखरा | धनबाद | |
| **5.** | चाँदकुइयाँ | बलियापुर | |

| | |
|---|---|
| List of Activities : | |
| **ACTIVITY 1 :** | |
| Title of the Activity : | मतदाता जागरूकता अभियान |
| Need of the Activity : | ग्रामीणों को मतदान के महत्व को समझाना, योग्य उम्मीदवारों को वोट देने कीअपील करना एवं शतप्रतिशत मतदान का संकल्प कराना |
| Brief Description (Need/ Impact/ Action/ Picture (if any) : | उन्नत भारत अभियान के तहत दिनांक 05/04/2024 को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए एस.एस.एल.एन.टी.महिला महाविद्यालय, धनबाद की ओर से 'आमटाल' गांव का सर्वेक्षण किया गया।इस जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की शिक्षिका निरजा अंजेला खाखा एवं छात्राओं बबली कुमारी ,पलक त्रिपाठी,पूजा कुमारी, विद्या रानी,संजीनी, रागिनी ने मतदान के महत्व को ग्रामीणों को समझाते हुए वोट देने की अपील की। गांव की महिलाओं ने अपनी मूलभूत समस्याओं पर भी अपनी बात कही।मौके पर गांव के मुखिया संजय गोराई ,रीना देवी,बी एल ओ मकरा सांगुई , आंगन बाड़ी केंद्र सहायिका कुंती देवी शामिल थी। गांव के इन जनप्रतिनिधियों ने भी शत प्रतिशत मतदान पर अपनी सहमति दर्शायी। |









| ACTIVITY 2 : | |
|---|---|
| Title of the Activity : | मतदाता जागरूकता अभियान |
| Need of the Activity : | ग्रामीणों को मतदान के महत्व को समझाना, योग्य उम्मीदवारों को वोट देने कीअपील करना एवं शतप्रतिशत मतदान का संकल्प कराना |
| Brief Description (Need/ Impact/ Action/ Picture (if any) : | एस.एस.एल.एन.टी.महिला महाविद्यालय, धनबाद की ओर से उन्नत भारत अभियान की टीम ने मतदाता जागरूकता अभियान हेतु दिनांक 09/04/2024 को धनबाद के दामोदरपुर गांव का दौरा किया। इस दौरे में उन्नत भारत अभियान की समन्वयक निरजा अंजेला खाखा एवं छात्राओं ने सर्वप्रथम दामोदरपुर की मुखिया कोमिली हांसदा से मुलाकात की। मुखिया जी ने गांव में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं एवं कमियों की जानकारी दी। मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में टीम ने ग्रामीणों से भी मुलाकात किया। ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं और परेशानियों से भी टीम को अवगत कराया साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव संबंधी अपनी उम्मीदों एवं आकांक्षाओं से भी टीम को परिचित कराया। शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने यहां के आदिवासी समूह से भेंट किया और उनके चुनाव संबंधी प्रतिक्रिया को जानने समझने का प्रयास भी किया।टीम की मुलाकात कुछ आदिवासी बुजुर्ग महिलाओं से भी हुई। उन्होंने अपनी दैनिक जीवन शैली से भी टीम को अवगत कराया। अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं में मुख्य रूप से उन्होंनें जल संबंधी समस्या, बेरोजगारी की समस्या पर अपनी बात कही। वहां की कुछ बुजुर्ग महिलाओं की शिकायत यह थी कि "उन्हें अभी तक वृद्धा पेंशन की सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है " । टीम ने ठस्व् आशा मंडल से भी मुलाकात की उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से असक्षम वोटर्स के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था है। टीम के समक्ष बी एल ओ एवं मुखिया जी ने अपने क्षेत्र से शत प्रतिशत वोट के अपने प्रयासों का भी जिक्र किया। |







| ACTIVITY 3 : | |
|---|---|
| Title of the Activity : | ग्रामसभा की बैठक में भाग लेना। |
| Need of the Activity : | यूबीए गतिविधि के बारे में जानकारी देना, ग्रामीण गतिविधियों को समझना, ग्रामीण समस्याओं से परिचित होना एवं वोट की अपील करना। |
| Brief Description (Need/ Impact/ Action/ Picture (if any) : | भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गोद लिये गये गांवों में आयोजित ग्राम सभा में सम्मिलित होने |

| | |
|---|---|
| | के निर्देश के अनुरूप दिनांक 02/05/2024 को एस.एस.एल.एन.टी.महिला महाविद्यालय,धनबाद की ओर से यूबीए समन्वयक निरजा अंजेला खाखा एवं छात्राएं धनबाद के धोखरा गांव के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा में शामिल हुईं।इस बैठक में गांव के कई प्रतिनिधि शामिल थे - जिनमें मुखिया उषा देवी,उप मुखिया पुष्पा देवी, रोजगार सेवक मोहम्मद गुलाम, मुखिया प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि विश्वनाथ महतो, प्रज्ञा केंद्र संचालक राजकुमार महतो पी डी एस कविता कुमारी एवं अन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे।इस सभा में गांव के जन प्रतिनिधियों द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई - प्रज्ञा केंद्र को पंचायत भवन में संचालित करना, पंचायत भवन में CCTV कैमरा लगवाना , योग्य ग्रामीणों को अबुआ आवास की सुविधा मुहैया कराना एवं ग्रामीण विकास संबंधी अन्य योजनाओं यथा दीदी बाड़ी योजना,आम बागवानी योजना पर भी चर्चा की गई। साथ ही साथ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए की गई व्यवस्था पर भी चर्चा हुई जिसमें 80 की उम्र से अधिक वाले मतदाताओं के लिए ई -रिक्शा की सुविधा,बूथ में पेयजल की व्यवस्था, धूप से बचाव हेतु शेड की व्यवस्था इत्यादि प्रमुख हैं। महाविद्यालय की टीम ने भी ग्रामीणों के समक्ष मतदान दिवस की अहमियत पर अपनी बात कही। इसके साथ ही साथ महाविद्यालय की शिक्षिका एवं छात्राओं ने बीएलओ बसंती देवी से भी मुलाकात किया। बीएलओ ने मतदान दिवस की विभिन्न तैयारियों पर बातचीत करते हुए बताया कि शारीरिक रुप से असमर्थ लोगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था एवं वृद्धों के लिए ई -रिक्शा की व्यवस्था की गई है। |







Next action plan :

| Sr. No. | Activity to be conducted (along with reason) |
|---|---|
| 1. | स्वच्छता अभियान |
| 2. | वृक्षारोपण कार्यक्रम |
| 3. | शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम |

**UNNAT BHARAT ABHIYAN**
**S.S.L. N.T. Mahila Mahavidyalaya, Dhanbad**

**MOST IMPACTFULL WORK OF THE LAST FINANCIAL YEAR 2024-2025**

# वृक्षारोपण कार्यक्रम

“ एक पेड़ मां के नाम” अभियान के तहत एस.एस.एल.एन.टी.महिला महाविद्यालय, धनबाद के उन्नत भारत अभियान टीम की ओर से दिनांक 27/08/2024 को धनबाद के आमटाल गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से कई तरह के पेड़-पौधे गाँव में वृक्षारोपण के लिए भेंट किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु उन्नत भारत अभियान (यूबीए) की समन्वयक निरजा अंजेला खाखा एवं छात्राओं सोनी कुमारी, खुशी कुमारी,डोली कुमारी,राजप्रिया सिंह,निकिता दे द्वारा सर्वप्रथम गांव के मुखिया संजय गोरांई , आमटाल उच्च विद्यालय माता समिति की उपाध्यक्ष पिंकी देवी, आजीविका पशु सखी सुनीता देवी , गांव की सक्रिय महिला रीना देवी एवं गांव के गणमान्य जनता से भेंट किया गया। मुखिया जी ने गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम पर अपनी सहमति एवं खुशी दर्शायी। पौधों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में आम, जामुन, नारियल, नींबू,लींचीं, अमरुद,नीम, आंवला, बेल एवं अन्य पौधों का रोपण किया गया।इस कार्यक्रम में मुखिया जी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकागण एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाई। नारियल के पौधे का रोपण करते समय मिट्टी के साथ साथ नमक को भी गड्ढे में डाला गया, इसके साथ साथ अन्य पौधों के रोपण में भी सावधानी बरती गई। अंततः वहां उपस्थित मुखिया , शिक्षक शिक्षिकागणों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधों की देखभाल का प्रण लिया गया।










